Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 07-10-2021 | अंक 21

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## कलश स्थापना के साथ बरही में 12 स्थानों पर शुरू हुआ नवरात्र पूजा उत्सव

### सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड व दुर्गा पूजा समिति धनबाद रोड से निकली कलश यात्रा

**अपेम लाइव : बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालुगण



बरही में कलश स्थापना के साथ ही 12 स्थानों पर नवरात्र पूजा उत्सव का शुभा. रंभ हुवा। रसोइया धमना, चतरो, श्रीनगर, करियातपुर, बरसोत, गौरिया कर्मा, देवच. न्दा मोड़, अफीम कोठी, गया रोड बरही, धनबाद रोड बरही, भगवती मंदिर सहित कुल 12 स्थानों पर कलश यात्रा कोविड गाइड लाइन के तहत निकाला गया। गया रोड सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति व धनबाद रोड पूजा समिति की ओर से नवरात्रा के पहले दिन कोविड गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए पूजा समिति के पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाला। गया रोड दुर्गा पूजा समिति व धनबाद रोड पूजा समिति के लोगों ने माथे पर कलश लेकर गया रोड व धनबाद से निकलकर बरही चौक, धनबाद रोड होते हुए सूर्य मंदिर साधनापुरी पहुंचे। कलश यात्रा में विस विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष रा. जसिंह चौहान, गया रोड पूजा समिति अध्यक्ष सिकन्दर निषाद, धनबाद रोड पूजा समिति अध्यक्ष अमित जायसवाल, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, बरही पूर्वी प्रधान छोटन ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता उमेश कुमार दास, बासुदेव यादव, कुणाल कतरियार, मनोज साव, आकाश जयसवाल श्रद्धालुओं के साथ सूर्य मंदिर तक पहुंचे। सूर्य मंदिर से महिला व कुंवारी कन्याओं ने विधि विधान के साथ जल उठाकर पुनः मंदिर पहुंचकर कलश स्थापित किया। गया रोड में पूजा का कार्य उपेंद्र शर्मा, पंकज कुमार शर्मा, सुरेश शर्मा, सौरभ शर्मा, विजय शर्मा, विकास पांडेय, युगल किशोर शर्मा कर रहे है, वहीं जजमान के रूप में पवन कुमार शर्मा, पंकज कुमार शर्मा उपस्थित थे। इसके अलावा धनबाद रोड सार्वजनिक दुर्गा मंदिर से भी कलश यात्रा निकाली गई।

## रसोइया धमना दुर्गा मंदिर एवं जवाहर घाट में हुई भक्ति एलबम जय मैया शेरोवाली की शूटिंग

### स्थानीय स्तर पर वीडियो शूटिंग से स्थानीय कलाकारों को प्रतिभा दिखाने का मिलता है मौका : डॉ अनिल कुमार

**अपेम लाइवः बरही**

**बिरेन्द्र कुमार**



रसोइया धमना दुर्गा मंदिर में शूटिंग का शुभारंभ करते अतिथिगण



शुटींग करते कलाकार

राज आर्यन प्रोडक्शन के तहत भक्ति एलबम की शूटिंग बरही के रसोइया धमना दुर्गा मंदिर एवं जवाहर घाटी की खूबसूरत वादियों में गुरुवार को की गई। शूटिंग के मुहर्त को लेकर रसोइया धमना दुर्गा मंदिर परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राज आर्यन उर्फ छोटी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि अपेम चीफ एडवाइजर डॉ० अनिल कुमार एवं मुख्य संरक्षक कपिल केशरी ने पूजा अर्चना कर वीडियो शूटिंग की शुभारम्भ की। उसके बाद रसोइया धमना में स्थापित स्थायी दुर्गा प्रतिमा को लेकर शूटिंग की गई। शूटिंग जवाहर घाट में भी किया गया। वीडियो शूटिंग की शुभारंभ करते हुए चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार ने कहा कि इस तरह की वीडियो शूटिंग से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। कपिल केशरी ने कहा कि राज आर्यन प्रोडक्शन के बैनर तले हो रही भक्ति एलबम की शूटिंग में स्थानीय लोकेशन को शामिल किया गया है। इससे स्थानीय धरोहर को भी एक अलग पहचान बनेगी। भक्ति गीत बिकास कुमार के द्वारा रचित एवं गया गया है।। जबकि राज आर्यन एवं विकास विश्वास ने पूरे गीत को कोरियोग्राफ किया है। इसमे राज आर्यन डांस एकेडमी के बच्चों ने अभिनय किया है। मौके बीरेंद्र कुमार, प्रो हीरामन साव, प्रो बद्री साव, सुखदेव साव, पिंटू कुमार साव, निकेश कुमार, संतोष कुमार, बिकास कुमार, विकास विश्वास सहित कई लोग मौजूद थे।

## रात के अंधेरे में खाली जमीन में ट्रेंच कटवा रहे भूमाफियाओं ने किया रैयतों पर हमला, एक गंभीर

### रैयतों ने एसडीओ एवं एसडीपीओ से लगाई जान माल की सुरक्षा की गुहार , सौपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



रात मे काटा गया ट्रेंच का अवलोकन करते रैयत



एसडीपीओ से वार्ता करते रैयत

बरही इंटर कॉलेज को दान में दी गई जमीन एवं शेष बची जमीन पर कुछ भू-माफियाओं द्वारा बुधवार की देर रात करीब बारह बजे ट्रेंच काटा जा रहा था। इसकी सूचना जब जमीन के मालिको को मिला तो तत्काल वें लोग जमीन देखने घटना स्थल पर पहुंचे तो पाया कि ट्रेंच काटा जा रहा है।जिसका विरोध करने पर पहले से घात लगाकर बैठे भू माफियाओं द्वारा जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में राजू वर्णवाल धनबाद रोड निवासी गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल व्यक्ति का इलाज हज़ारीबाग में चल रहा है। घायल व्यक्ति की स्थिति को देखकर हमलावर अपना जेसीबी मशीन लेकर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। घटना की सूचना रात में ही बरही थाना को दी गई और गुरुवार को दर्जनो लोग बरही एसडीओ एवं एसडीपीओ से मिलकर ज्ञापन सौपते हुए जान माल एवं जमीन बचाने की गुहार लगाई। रैयतों ने कहा उनकी जमीन है। लेकिन कुछ लोग फर्जी कागजात बनाकर दबंगई के साथ जमीन हड़पना चाहते है। यदि इस पर तत्काल रोक एवं दोषोयों पर कार्रवाई नही होती है तो कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है। मौके पर प्रह्लाद कुमार गुप्ता, उदय गुप्ता, अरविंद गुप्ता, आनन्द गुप्ता, बीरेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, ड० संजय वर्णवाल, पंकज वर्णवाल, महेंद्र वर्णवाल, राजेश कुमार, बीरेंद्र बर्नवाल, अशोक प्रसाद, दयानन्द चौरसिया, महेश चौरसिया, मृत्युंजय चौरसिया, रवि चौरसिया, मनीष चौरसिया, दिवेश चौरसिया, विककी कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कोरोना से बचाव में कोविड वैक्सीन काफी मददगार है, सभी लें वैक्सीन : हसबुन निशा

**अपेम लाइव : बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



बरही प्रखंड अन्तर्गत कोनरा पंचायत के साकरी मुहल्ला मदरसा में कोरोना कोविड जैसे घातक और जानलेवा वायरस से सुरक्षा के लिए कोविडशिल्ड वै. क्सीन टीकाकरण का कैम्प एजुक. ेशनल चौरिटेबल सोसायटी बरही अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी रि. जवान अली एवं कोनरा पंचायत के शिक्षित एवं भावी मुखिया प्रत्याशी हसबुन निशा के नेतृत्व में लगाया गया। जिसमें मुखिया प्रत्याशी हसबुन निशा ने कोविड वैक्सीन का दुसरा डोज लिया। साथ ही उन्होने सभी समाज के लोगों से कोविड वैक्सीन टीक. ाकरण करवाने का आग्रह किया और कहा मेरा एवं मेरे पति का लक्ष्य है, कोनरा पंचायत में शतप्रतिशत वैक्सिनेसन हो ताकि पंचायत वासी सुराक्षित रहे।आज के कैम्प में वार्ड सदस्य रानी खातुन, अरफा नाजमीन, सोऐब अख्तर, मो बाबील, मो सलीम ,मो एजाज अहमद, देवनंती देवी, मासुक कुरैशा, मो शाहीद, मो मनौवर, मो इरफान,विवेक एक्का, पिन्टु एक्का, मो जानी सलमान, मो इसरैल, मोसद्दाम, सहित 110 महिला पुरुष ने उत्साहित होकर वैक्सीन का टीकाकरण करवाया। टीकाकरण के लिए पंजीयन बरही अनुमंडलिय अस्पताल के अ०परेटर सुरज कुमार एवं वैक्सिनेसन ए एन एम गुलशन प्रविण के द्वारा किया गया।साथ ही कैम्प में सी एच ओ प्रिया सरोज,ए एन एम मीणा कुमारी स्वास्थ्य सहियादीदी इशरत प्रविण के द्वारा सभी का कोविड टेस्ट किया गया।

अपेम लाइव न्यूज़ में खबरें प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करे।

संपर्क सूत्र

7004315535, 9550809864, 9431129570




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार | एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## एकल अभियान की ओर से अंचल स्तरीय होगा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, 16 टीम चयन

### अंचल कमेटी की बैठक में बनी रणनीति, आयोजन को लेकर मिली जिम्मेदारी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


बैठक में शामिल अंचल कमेटी के लोग

एकल अभियान बरही अंचल समिति की बैठक बरही अंचल कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम स्वराज मंच के प्रभारी प्रो हीरामन साहू एवं संचालन अंचल गतिविधि प्रमुख संदीप चंद्रवंशी ने किया. बैठक में मुख्य रूप से अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति, अंचल कोषाध्यक्ष मनोज कुमार केशरी, ग्रामा. त्थान प्राभारी बिनोद साहू मौजूद रहे। बैठक में हज़ारीबाग़ भाग के गतिविधि प्रमुख एव कोडरमा प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया की एकल अभियान की ओर से अंचल स्तरीय फुटब०ल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए प्रत्येक संच से एक फुटब०ल टीम का गठन किया जा रहा है। इन फुटब०ल टीमों के बीच मुक. ाबला होगा । विजेता एवं उपविजेता टीम को एकल अभियान ग्राम स्वराज मंच की ओर से ट्र०फी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सभी ने अपना अपना विचार व्यक्त किया । मनोज केसरी ने कहा की चूंकि यह कार्यक्रम अंचल स्तरीय है। इसलिए इसे दो भागों में विभक्त किया जाए। जिसमें निर्णय लिया गया कुल 16 टीमों में से 8 टीम हजारीबाग में खेलेगी और 8 टीम बरही के करियातपुर में खेलेगी। फाइनल मैच प्रखंड मैदान बरही में किया जाएगा । इसकी तैयारी को लेकर अंचल के सेवाव्रती कार्यकर्ताओं को विशेष तौर पर तैयारी करने का निर्देश दिया गया। यह भी निर्णय लिया गया की संच स्तरीय फुटब०ल टीम का गठन करने के बाद उसे अंचल कमेटी की बैठक में अंतिम रूप दिया जाएगा । इस कार्य में अंचल के एकल विद्यालय के आचार्य, संच प्रमुख, संच समिति अध्यक्ष, संच समिति सचिव एवं सेवा व्रती कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया। मौके पर कृष्णा प्रजापति, प्रोफ़ेसर हीरामन साहू , विनोद कुमार साहू, ग्राम स्वराज्य मंच अध्यक्ष मुकुंद साव किशोरी सिंह, संदीप चंद्रवंशी, किशोरी मोहन पांडेय, कपिल महतो, मनोज कुमार ,अरविंद कुमार ,रामचंद्र पंडित, गोविंद राम, मनीष चौरसिया, सोनू पंडित सहित कई लोग मौजूद

## पीएम उज्ज्वला योजना के तहत तिलैया बस्ती में 40 लाभुकों के बीच गैस चूल्हा व सिलेंडर का वितरण

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


गैस चूल्हा एवं सिलेंडर का वितरण करते प्रधान प्रतिनिधि टेकलाल यादव

पीएम उज्ज्वला योजना के तहत शिव साई एच पी गैस एजेंसी के द्वारा कोल्हुवाकला पंचायत के तिलैया बस्ती में कैम्प लगाकर गैस सिलेंडर एवं चूल्हा का वितरण किया गया। वितरण का कार्य कोल्हुवाकला प्रधान प्रतिनिधि सह समाजसेवी टेकलाल यादव ने किया। मौके पर कुल 40 लाभुकों को गैस सिलेंडर दिया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि टे. कलाल यादव ने कहा कि पीएम उज्ज्वला योजना के तहत मि. हलाओं को निशुल्क गैस चूल्हा एवं सिलेंडर मिलने से उन्हें लकड़ी की धुंवा से राहत मिलेगी। साथ ही लकड़ी को ईंधन के रूप में उपयोग में लाने से जंगल की कटाई भी हो रही है। उसमें भी कमी आएगी। गैस चूल्हा एवं सिलेंडर पाकर महिलाएं काफी खुश दिखी एवं पीएम मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। मोके पर गैस एजेंसी मैनेजर बीरेंद्र कुमार साहू, नीरज कुमार, राहुल कुमार, पिंटू कुमार, गीता देवी, गुड़िया देवी, मालती देवी, पूनम देवी, बबिता देवी, नमिता देवी, ममता देवी, नजमा खातुन, खतीजा खातुन, संगीता देवी, अख्तरी खातुन, बसंती देवी, हेमंती देवी, दुलारी देवी, कौशल्या देवी, आरती देवी, मुन्नी देवी, गायत्री देवी एवं के अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## लखीमपुर खीरी घटना में शामिल दोषियों को कठोर सजा मिले : विनोद यादव

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**


बिनोद कुमार यादव

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे किसानों पर केंद्रीय कृषि मंत्री अजय मिश्रा के बेटे द्वारा वाहन चढ़ाकर 4 किसानों सहित 8 मौतें पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव ने कहा केंद्र की हिटलर शाही मोदी सरकार एवं उत्तर प्रदेश की निरंकुश योगी सरकार की नीतियों का मैं घोर निंदा करता हूँ। कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस के द्वारा किए गए व्यवहार को अमर्यादित एवं अलोकतांत्रिक है। जिस प्रकार लखीमपुर खीरी में शांति पूर्वक प्रदर्शन कर रहे किसानों पर जिस प्रकार केंद्रीय कृषि मंत्री के बेटा के द्वारा वाहन से रौंदकर किसानों की हत्या की गई है। उससे ब्रिटिश कालीन हुकूमत कि सरकार के द्वारा जालियांवाला बाग में किए गए नरसंहार की याद ताजा कर दी है। विधायक प्रतिनिधि ने मांग की है इस हत्याकांड में शामिल दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

## गणेश यादव के प्रयास से माधोपुर में लगा ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के माधोपुर में जिला परिषद प्रतिनिधि सह सांसद प्रति. निधि गणेश यादव के प्रयास से ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर का समाजसेवियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा माधोपुर हरिजन टोला में बिजली चालू करवाया गया। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि गणेश यादव, पंचमाधव प्रधान हरेंद्र गोप, युवा समाजसेवी उमेश यादव, पूर्व मुखिया कामेश्वर रविदास, सामाजिक कार्यकर्ता बंधन यादव, राजू यादव, बासुदेव साव, मनोज यादव, नागेश्वर यादव, बालेश्वर बसंत यादव, भुनेश्वर यादव तथा भुइया, सरजू राणा, वीरेंद्र यादव, ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता दीपक गुप्ता ने सूचना अधिकार के तहत मांगा सिंघरावां पंचायत के कार्यो का छाया प्रति

**अपेम लाइव : चौपारण**
**धीरज प्रजापति**


दीपक गुप्ता

ओबीसी जिला सचिव दीपक गुप्ता ने प्रखंड चौपारण के सिंघरावां पंचायत में बने पीसीसी पथ, स्ट्रीट लाइट,सोलर लाइट, मनरेगा व अन्य कार्यो में मुखिया एंव पंचायत सेवक, रोजगार सेवक के द्वारा कार्य मे अनियामियता धोखाधड़ी एंव सरकारी रुपयों हेराफेरी का आरोप लगाते हुए चौपारण प्रखड विकास पदाधिकारी से सूचना का अधिकार के तहत श्री गुप्ता ने पंचायत सिंघरावां वर्ष 2016 से वर्ष 2022 तक मनरेगा ,पीसीसी निर्माण कार्य का मास्टर रोल , भूमि प्रतिवेदन ,ग्राम हजारीधमना में हुए धरतल पर बने सड़क का भूमि प्रतिवेदन के साथ मुखिया पद, विधायक मद व सांसद मद के सभी तरह के कार्यो को सूचना के छाया प्रति का मांग किया। इसके साथ ही उन्होंने का कहा कि आम गरीबो को रोजगार देने वाला योजना मनरेगा की नाम पर धरातल पर कार्य किये बिना सिर्फ गलत तरीके से रुपया का निकासी करने के साथ भारी संख्या में स्ट्रीट लाइट एंव चाइनीज लाइट लगाए गए है जो वर्तमान समय मे अत्यधिक संख्या में खराब पड़े होने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रेस के माध्यम से अभिलंब उच्च अधिकारियों से सिंघरावां पंचायत के कार्यो का जांच की मांग किया ।

## कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,


सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी, कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।


निवेदिका :- कैशर प्रवीण

## रसोइया धमना पंचायत के लिए क्यूम अली उर्फ (कल्लू )ने मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित**


क्यूम अली

रसोईया धमना पंचायत के वर्षीया मोहल्ला निवासी क्यूम अली उर्फ कल्लू ने रसोईया धमना पंचायत से मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश कर दी है। उन्होंने बताया कि आज तक मैंने अपने जीवन मे कई सामाजिक कार्य किए है। साथ ही साथ उन्होंने अपने पंचायतवासीयों से अपील किया है कि एक बार मुझे समर्थन दे ताकि मैं अपने पंचायत का विकाश कर सकूं। साथ ही उन्होंने अपने पंचायतवासीयों को दुर्गापूजा एवं बारह रबी अउवल की बधाई भी दी है।

APEM LIVE

## बरही में कोहिनूर दम बिरयानी होटल का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित**

बरही धनबाद रोड में बैंक ऑफ इंडिया के नजदीक कोहिनूर दम बिरयानी होटल का उद्घटान बरही आजसू प्रभारी सह सद्भावना विकाश मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान के द्वारा फीता काटकर किया गया किया। शाकाहारी वेज बिरयानी बनाया जाएगा। होटल के संचालक कुमार यदुवंशी ने बताया कि हमारे होटल में शुद्ध वेज बिरयानी बनाया जाएगा। मोके पर दीपक गुप्ता, मुन्ना यादव, पिंटू यादव, सुजीत कुमार, पिंटू केशरी, मोंटी सिंह, विक. ाश कुमार राणा, सागर कुमार यादव, आनंद कुमार सिंह, एवं सन्नी कुमार उपस्तिथ रहे।


होटल का उद्घाटन करते राज सिंह चौहान

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ में शारदीय नवरात्र को लेकर निकली कलशयात्रा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

**मिथिलेश गोल्डी**



शारदीय नवरात्र की कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालु

विष्णुगढ़ समेत आसपास के इलाकों के कई दुर्गा मंदिरों में कलश स्थापन के साथ शारदीय नवरात्र का प्रारंभ हो गया। नवरात्र के पहले दिन गुरूवार को मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। कई श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी विधि विधान से घट की स्थापना कर शारदीय नवरात्र के अनुष्ठान की शुरूआत की। प्रखंड के बकसपुरा में शारदीय नवरात्र को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गई। गांव के देवी मंडप से कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। गाजे-बाजे के साथ निकली कलशयात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। ध्वज-पताका लेकर कतारबद्ध होकर मां का जयकारा लगाते श्रद्धालु बकसपुरा, रखवा, सेहदा, टोंगरिया, करहनी खेत, डोमागढ़ा होते हुए उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी तट पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलशपात्र में जल भरा। पुनः श्रद्धालु जल से भरा कलश उठाकर जयकारा लगाते हुए देवी मंडप पहुंचे। देवी मंडप में मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से कलश स्थापित किया गया। कलशयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए समाजसेवी दामोदर महतो तथा जागेश्वर महतो की ओर से शरबत का वितरण किया गया। वहीं, बजरंग दल जिला सहसंयोजक वरुण कुमार के द्वारा चना-गुड़ की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा कमेटी अध्यक्ष रामेश्वर सिंह, सचिव रोहित सिंह, विक्की कुमार, शिवम कुमार, रणवीर बरनवाल, जागेश्वर महतो, अभिषेक कुमार, सुरेश कुमार, बसंत सिंह, सुरेन्द्र कुमार, सुरेंद्र सिंह, तुलसी कुमार, नेमचंद कुमार, सूरज कुमार, अशोक कुमार, कमल सिंह, संतोष सिंह, नीलकंठ सिंह, ईश्वर रजवार, रामकिशुन महतो, विनय, पिंटू राम, रौशन राम, मेघलाल साव समेत अन्य श्रद्धालुओं की अहम भूमिका रही।

## पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासनिक अमला हुआ रेस

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

**मिथिलेश गोल्डी**



गझंडी में एक बूथ का निरीक्षण करते प्रशासनिक अधिकारी

आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशासनिक अमला रेस हो गया है। प्रशासन इसकी तैयारियों में जोर शोर से जुटा है। अधिसूचना जारी होने के बाद संभावित प्रत्याशियों के भी रेस होने की संभावना है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के अलावा चुनाव बूथ की स्थिति का आकलन व निरीक्षण किया जा रहा है। गुरूवार को अंचल अधिकारी रामबालक कुमार, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी तथा थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने प्रखंड के कई बूथों का भौतिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। टीम ने बूथों में मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की वर्तमान स्थिति, बिजली की व्यवस्था के अलावा सुरक्षा के दृष्टिकोण से चहारदीवारी समेत अन्य बिंदुओं की जांच की गई। टीम ने ग्राम पंचायत के प्रधान, विद्यालय प्रमुख, विप्रस अध्यक्ष से इन बूथों के बाबत स्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। टीम ने गुरुवार को प्रखंड के जमनीजारा, गझंडी, कैलुजारा, डुबका, तिलैया, गाल्होबार, जोबर, बंदखारो, चानो समेत अन्य कई बूथों का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि इस बार पंचायत चुनाव में प्रखंड में कुल बूथों की संख्या 312 होगी। जिनमें कई बूथ सरकारी विद्यालयों के अलावा सामुदायिक भवनों में होगा। निरीक्षण के बाद रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजा जाएगा। इनमें कई बूथ अति संवेदनशील व संवेदनशील कोटि के होंगे।

## गाल्होवार में क्लश स्थापना के साथ दशहरा पर्व शुभारंभ

### नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री के आराधना की गई

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

**मिथिलेश गोल्डी**



गाल्होवार शिव मंदिर

प्रखंड के गाल्होवार में सार्वजनिक दुर्गा पूजा को लेकर नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की आराधना कर शारदीय नवरात्र पर्व की शुरुआत की गई। गाल्होवार शिव मंदिर जलाशय से जल उठाकर घट स्थापित किया गया। मंदिर के पुजारी ब्रह्मदेव मिश्रा द्वारा पारंपरिक वैदिक दुर्गा पाठ उच्चारण कर मां शैलपुत्री की पुजा आराधना की गई। मंदिर के पुजारी ने कहा कि शारदीय नवरात्रि हर साल शरद ऋतु में अश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू हो जाता है। इस बार नवरात्र नौ दिन की जगह आठ दिन का होगा। मां के तीसरे तथा चौथे स्वरुप की पूजा एक दिन में होगी। मंदिर के पुजारी नवरात्र के पहले दिन से लेकर नौ दिनों तक शारदीय नवरात्र की पूजा-पाठ पर भक्ति में लीन रहेंगे। इस वर्ष भी नवरात्र पुजा कोरोना सरकारी नियमों का अनुसरण कर सादगी के साथ मनाई जाएगा। गाल्होवार में 1963 ई0 से दुर्गा पूजा मनाया जा रहा है। बाढ़ो मिश्रा, स्व जय किशुन तिवारी, स्व गुनू लाल रजक, स्व कारु साहू, बजरंगी साव, स्व अमृत साव, स्व राम प्रसाद ने प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की शुरुआत की थी। आयोजन में बाढ़ो मिश्रा, ब्रह्मदेव मिश्रा, दुर्गा साव, राजेंद्र मिश्रा, महेंद्र प्रसाद, किशोरी, शंभू प्रसाद, अनिल कुमार वरनवाल, जानकी प्रसाद, छोटी शर्मा (पसंस), लखन महतो ( पूर्व उप मुखिया), छोटेलाल महतो, बलराम महतो, नरेश रजक बिजय रजक, सुनिल रजक, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, सुनील मंडल, चेतलाल मंडल, सुधिर रजक, करम रवानी, जानकी ठाकुर, लाला ठाकुर, सुरज पाठक, महादेव आदि का सराहनीय योगदान है।

## दूधमटिया पर्यावरण मेले की मनाई गई 27वीं वर्षगांठ, रक्षा का संकल्प लेते हुए पेडों में बांधे गए रक्षासूत्र

**अपेम लाइवः टाटीझरिया**

**राजु यादव**





वृक्षों का पूजा करते लोग



पूजा अर्चना करती महिलाए

हजारीबाग जिले के टाटीझरिया के दूधमटिया वन में रक्षाबंधन की 27वीं वर्षगांठ गुरुवार को सादगीप. ूर्वक मनाई गई। इस मौके पर दरख्तों के साये में मौन-धारण और वनदेवी की पूजा-अर्चना का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद वन्य प्राणी सुरक्षा समिति के सदस्य, वन विभाग के अधिकारी और ग्रामीणों ने पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधे और वनों के संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही इसके लिए अपनी वचनबद्धता दुहराई। पूजा-अर्चना के बाद डहरभंगा, टाटीझरिया की स्थानीय महिलाओं ने लोकगीत गाये। अतिथियों नें पूजास्थल पर ही लोगों को संबोधित किया। इसमें संस्थापक महादेव महतो ने कहा कि आज के समय में दूधमटिया के तर्ज पर ही देश के कोणे-कोणे में लाल डोर बांधकर वृक्षों को बचाने का संकल्प लिया जा रहा है। यह एक बडी उपलब्धि है। डीएफओ सौरभ चंद्रा ने कहा कि दूधमटिया में कभी गिनती के पेड थे जो आज इसके पच्चीस एकड के जमीन पर दो लाख से भी अधिक सखुआ वृक्ष पर्यावरण संरक्षण का मिसाल कायम कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण का यह एक अनूठा उदाहरण है। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया।

**हाथियों के आतंक से बचने के लिए 27 वर्ष पहले शुरू हुआ था अभियान**

इस पर्यावरण मेले के संस्थापक महादेव महतो के पेड़-पौधे, जंगल और वन्यजीवों की रक्षा का संकल्प ने ऐसा सघन वन दिया है जिसमें धूप भी दबे पांव कोई सुराग ढूंढ कर आहिस्ता-आहिस्ता ही पहुंच पाती है। हाथियों के आतंक से बचने और जंगल बचाने के मकसद से 27 साल पहले शुरू यह अभियान दूधमटिया की सूरत ही बदल दी है। हालांकि कोविड-19 की वजह से इस बार सीमित संख्या में लोगों ने पूजा-अर्चना एवं मेले में भाग लिया लेकिन उनका उत्साह जरा भी कम नहीं था। इस दौरान वन्यप्रेमियों ने पूरे उमंग के साथ वन से जो करता है प्यार समझो उसका बेडा पार, वृक्षों का सुंदर संसार मांग रहा मानव का प्यार...आदि कई नारे लगा रहे थे। इस बार प्रदर्शनी, झांकी का आयोजन नहीं किया गया था।

**इन्होंने प्रतियोगिता में लिया भाग**

पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में क्रियेटिव हाई स्कूल, विवेकानंद विद्या मंदिर धरमपुर, नेशनल पब्लिक स्कूल, एडिसन पब्लिक स्कूल, संथाली ग्रुप चोंचा के विद्यार्थियों ने पेंटिंग, भाषण, नृत्य, गीत-संगीत कार्यक्रम में भाग लिया। जिन्हें समिति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परमेश्वर प्रसाद यादव, मुकेश कुमार साव, खेमलाल महतो, छक्कन गोप, मथुरा साव, बबलू प्रजापति, मूलचंद ठाकुर, जगदीशचंद्र यादव, दिनेश खंडेलवाल, रामेश्वर यादव, रवि सिंह, कैलाशपति सिंह, शैलेश सिंह, दिगंबर सिंह, जैनुल अंसारी, सुरेश राम, अनिल अग. वाल, संजीत कुमार, मनोज कुमार सिंह, सुधा कुमारी, रवि राणा, नारायण यादव, चंदन ठाकुर, तिलक यादव आदि शामिल थे।

## दुर्गा-पूजा को देखते हुए विधायक, प्रभारी मेयर व उपविकास आयुक्त ने किया मंदिरों का भ्रमण

### कोविड गाइड लाइन के तहत दुर्गा पूजा आयोजन का निर्देश

**अपेम लाइवः गिरिडीह**

**रोहित कुमार**





गुरुवार को विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, प्रभारी मेयर प्रकाश सेठ समेत उप आयुक्त राजेश प्रजापति ने शहर में हो रहे दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर विभिन्न मंदिरों में जाकर वहां के व्यवस्था से रूबरू हुए।विधायक ने बताया कि आज से नवरात्र शुरू हुई है जिसे लेकर सभी मंडप में जाकर साफ-सफाई, बिजली समेत अन्य सु. विधाओं को देखा जा रहा है जिससे यहां आने वाले भक्तों को माता के दर्शन हो सके वहीं प्रकाश सेठ ने बताया कि सड़क से लेकर सभी मंदिरों में सफाई की पूरी व्यवस्था की गई है साथ ही बिजली व पानी की भी पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है जिससे किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इधर उप आयुक्त ने मंदिर के अध्यक्ष/सचिव से बवअपक-19 के नियम का पालन करने की बातें कही जिससे इस भयावह बिमाड़ी से आम जनों को सुरक्षित रखा जा सके। वहीं मौके पर उपस्थित नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी ने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। भ्रमण में जिलाध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष अजीत कुमार पप्पू, गौरव कुमार, प्रदोष कुमार, टुन्ना सिंह, शोभा यादव, सुमन राय, राम जी यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करे

सोनु पंडित : संपर्क सूत्र

9550809864

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

## नशाखोरी के अभिशाप को झेलने को मजबूर चंदवारा प्रखंड की महिलाएं

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**




नशा नाश का जड़ है भाई, फल इसका अति दुखदाई। किसी धार्मिक संस्था द्वारा वर्षों पूर्व दिया गया यह स्लोगन आज शत प्रतिशत सही साबित हो रहा है। लोग नशे के जद में आकर असमय मौत के मुंह में समा रहे हैं। इन दिनों युवाओं में बढ़ती नशे की लत चिंता की विषय बनी हुई है। नशे के जाल में फंस कर कई युवाओं के घर उजड़ चुके हैं। चंदवारा प्रखंड में ऐसे दर्जनों विधवाएं हैं जो नशाखोरी के अभिशाप को झेलने को मजबूर हैं। जिन महिलाओं की उम्र आगे बढ़ने और कुछ करने की थी। वो आज पेट पालने और बच्चों की परवरिश के लिए दर-दर भटक रही है। चंदवारा प्रखंड के इस गंभीर समस्या के लिए आखिर जिम्मेवार कौन है ? अवैध शराब का कारोबारी या प्रशासन के लोग। जिनकी नाक के नीचे यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है ? आज ये अवैध कारोबार चरम पर है। अवैध रूप से महुआ शराब की चुलाई व बिक्री प्रखंड के लिए कोई नई बात नहीं है। सालों से निर्बाध रूप से चल रहे इस धंधे में शामिल कारोबारियों की जड़ें इतनी जम चुकी है कि प्रशासन के द्वारा लगातार औपचारिक छापेमारी का असर बेअसर साबित हो रहा है।

**सूर्य अस्त, नशेड़ी मस्त**

शाम ढलते ही पूरे चंदवारा थाना क्षेत्र में नशेड़ियों की जुटान मयखानों की ओर होने लगती है। चौक-चौराहे, ढाबा व होटलों, पिपराडीह स्टेशन के आस-पास, कर्बला मैदान सहित गांव के छोटे-छोटे दुकानों में शराबियों की महफिले सजना शुरू हो जाता है। जो शारीरिक बीमारियों और अपराधिक घटनाओं को जन्म देता है।

**महिला संगठ्नों का अभियान हो गया फेल, नहीं मिला प्रशासन का अपेक्षित सहयोग**

नशाखोरी से सबसे ज्यादा नुकसान महिलाओं व बच्चों को उठाना पड़ता है। पुरुष वर्ग द्वारा आए दिन नशा करना व महिलाओं को प्रताड़ित करने की घटना सामने आते रहता है। इसी बात को लेकर कई महिला संगठनों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा समय-समय पर नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। लेकिन उनका अभियान को मंजिल तक पहुं. चने नहीं दिया गया। बल्कि अभियान में शामिल महिलाओं को उनके घर के पुरुषों द्वारा प्रताड़ित किया गया। जिसके कारण यह अभियान अपना मुकाम हासिल नहीं कर सका। इस कार्य के लिए प्रशासन का अपेक्षित सहयोग भी नहीं मिलता। उल्टा उसे ष ज्यादा ने. तागिरी मत करो ष कह कर उनके मनोबल को तोड़ दिया जाता है। नशाखोरी का सबसे बड़ा शिकार बच्चे होते हैं। उनका शैक्षणिक परिवेश खराब हो रहा है।

**क्या कहते हैं चिकित्सक**

उरवां स्थित आस्था ह०स्पिटल के संचालक ड०. अनिल कुमार ने बताया कि अधिक शराब के सेवन से शरीर के अंदर कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने कहा कि शराब के सेवन से सबसे पहले लीवर क्षतिग्रस्त हो जाता है। जिससे मनुष्य का पाचन क्रिया समाप्त हो जाती है। साथ ही साथ शरीर के अंदर बीमारियों से लड़ने वाले प्रतिरोधक क्षमता धीरे-धीरे कमजोर हो जाता है। जिसके कारण शरीर में साधारण सी बीमारी भी ठीक नहीं हो पाता। जिससे मनुष्य धीरे-धीरे कमजोर हो जाता है और अंततः उनकी आकाल मृत्यु हो जाती है।

## सदस्यता अभियान प्रभारी नियुक्त किये जाने पर कांग्रेसियों ने दी बधाई

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल एंव झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी आरपीएन सिंह के अनुमा. दन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर नें रामाश्रय प्रसाद को झारखंड प्रदेश सदस्यता अभियान का प्रभारी तथा मदन मोहन शर्मा को झारखंड प्रदेश सदस्यता अभियान का उप प्रभारी नियुक्त किया है। दोंनो नेताओं के नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग नें इनहें हार्दिक बधाईयां दी है । बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष जवाहर लाल सिन्हा कार्यकारिणी के सदस्य यमूना यादव, अशोक देव, विरेन्द्र कुमार सिंह, बीसी मिश्रा, शशि मोहन सिंह उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, मिि. थलेश दुबे, मकसुद आलम, लाल बिहारी सिंह , सरयू यादव, डॉ. दीपक बंधू, सदरूल होदा, संजय कुमार तिवारी, अफरोज आलम, अर्जुन सिंह, सलीम रजा, सुनिल कुमार ओझा, अजीत कुमार सिंह, राम अनुज सिंह, कजरू साव शामिल हैं ।

**आज का पचिंाड्ग-**

आज का अंग्रेजी दिनांकः- 07.10.2021
शुभसंवत् :-2078 (आनंद)
शके :- 1943
याम्यायन सौम्यगोले
ऋतुः ---शरद
माहः-अश्विन
पक्षः-शुक्ल पक्ष
तिथिः-द्वितीया तिथि दिन 01रू27 तक उपरांत तृतीया तिथि
दिन :-शुक्रवार
नक्षत्रः- स्वाती नक्षत्र
योग : - विष्कुम्भ
करणः - कौ
सूर्योदय :- प्रातः 06:11
सूर्यास्त : संध्या 05:49
सूर्य : कन्या राशि में
चंद्रमा :- तुला राशि में

आज का राहूकाल दिनरू---10:30 बजे से दिनः---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता हैत्र

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासरू---आज से नवरात्र का दूसरा दिन आज माँ ब्रह्मभचरिणी की पूजा होगी।



आलेखः---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## चंदवारा में हार्डकोर फिटनेस जिम का उद्घाटन

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**


जिम का उद्घाटन करते अतिथि

पिपराडीह स्टेशन रोड़ स्थित इंद्रदेव मोदी के मकान में हार्डकोर फिटनेस जिम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड के बॉडी बिल्डिंग चौंपियन रॉनी दत्ता, प्रमुख लीलावती देवी, आरागारो मुखिया महेंद्र यादव, पिपराडीह मुखिया धीरज कुमार व पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्षमण प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान उद्घाटनकर्ता रॉनी दत्ता ने कहा कि आज भाग दौड़ की जिंदगी में लोग अपनी सेहत का ख्याल नहीं रख पा रहे हैं और कई शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिम के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ प्रतियोगिता के माध्यम से अपने क्षेत्र व राज्य का नाम रौशन भी कर सकता है। प्रमुख लीलावती देवी ने कहा कि चंदवारा जैसे छोटे से जगह में जिम के होने से यहाँ के युवाओं को सुविधा मिलेगी। मौके पर जिम के संचालक दिलीप दास व नवीन वर्मा उर्फ गोलू, ब्यूटी सिंह, पैक्स अध्यक्ष बिनोद राम, रामप्रसाद यादव, कुदुस अंसारी, अमानत अंसारी, राजेश यादव, बंधन दास, रमन यादव, सुरेश यादव, बीरेंद्र यादव, सद्दाम अंसारी, बैजनाथ दास, मनोज दास, अशोक दास आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संजय दास ने किया।

## स्थानांतरण के बाद सतगावां के पूर्व बीपीओ विकास कुमार सिंह को दी गई भावभीनी विदाई एवं नए बीपीओ राहुल कुमार को किया गया स्वागत

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



बीपीओ का स्वागत करते कमह्र

सतगावां प्रखंड में मनरेगा बीपीओ के तबादला के बाद निवर्तमान बीपीओ विकास कुमार सिंह को फूल माला व शॉल ओढ़ाकर भावभीनी विदाई दी गई तथा नए बीपीओ राहुल कुमार को फूल माला से स्वागत कर पदभार ग्रहण करवाया गया वही सतगावां प्रखंड सभागार में बुधवार को बीडीओ बैधनाथ उरांव की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें विदा तथा नए बीपीओ राहुल कुमार का स्वागत किया बता दें कि पूर्व बीपीओ विकास कुमार सिंह का तबादला कोडरमा प्रखंड में मनरेगा बीपीओ के रूप में हुई है उन्होंने अगस्त 2019 मैं सतगावां प्रखंड के बीपीओ के पद पर योगदान किया था इस बीच इनका 2 वर्षो का कार्यकाल बेहद शानदार रहा वहीं नये बीपीओ राहुल कुमार ने प्रभार ग्रहण करने के बाद लोगों से कहा विकास हमारा प्राथमिकता रहेगा,साथ ही साथ उन्होंने बताया कि जन कल्याण के लिए सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा जिससे अंतिम व्यक्ति तक लाभ मिल सके मौके पर प्रखंड व अंचल के दर्जनों कर्मी मौजूद थे

## विभिन्न घटनाओं में मरे पीड़ित परिवारों से मिली कोडरमा की जिला कार्यकारी समिति की प्रधान शालिनी गुप्ता, हर सम्भव मदद करने का दिया आश्वासन

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**


पीड़ित परिवार से मिलते शालिनी गुप्ता

कोडरमा की जिला कार्यकारी समिति की प्रधान शालिनी गुप्ता नित्य सामाजिक कार्यो एवं लोगों के विपत्ति में शामिल हो रही हैं। इसी कड़ी में विगत दिनों हुए सतगावां के गाजेडीह में वज्रपात से हुए दर्दनाक व हृदयविदारक घटना में प्रवीण साव का 10 वर्षीय पुत्र व भतीजी की दुःखद मृत्यु तथा खेत मे काम करते हुए बिजली का झटका लगने से खैराकला निवासी शंकर पासी व सड़क दुर्घटना में अकलू मुसहर के आक. स्मिक निधन के पश्चात उनके घर पहुंच कर उनके परिजनों को सांत्वना दी और मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों को राशन, विधवा पेंशन, पारिवारिक लाभ तथा वज्रपात की घटना में आपदा के तहत सहयोग राशि देने हेतु आश्वस्त किया। मौके पर उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के दुःख की घड़ी में साथ हैं।

## प्रधानाध्यापक पर ग्रामीणों ने चावल गबन करने का लगाया आरोप, जाँच की मांग

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम बरकनगांगो स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रधानाध्यापक दिनेश सिंहा पर चावल गबन करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया हैं। आवेदन में कहा है कि प्रधानाध्यापक के द्वारा सितंबर अक्टूबर का चावल क्विंटल लाया गया। आवेदन 30 क्विंटल का उठाव किया। देने वालों में सरयू मुरीद, लेकिन विद्यालय में मात्र 24 अजय चौधरी, विजय प्रसाद, रामकिशुन महतों, महादेव यादव, महेश महतों, सन्नी कुमार, राजेश कुमार, टुकलाल महतों, शशिकांत पा. सवान, सुखदेव पंडित, अजय पंडित समेत अन्य लोग थे। आवेदन की प्रतिलिपी राज्य शिक्षा मंत्री, शिक्षा मंत्री, उपायुक्त हजारीबाग, बरकट्ठा विधायक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बरकट्ठा, जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया हैं।

# पूर्व विधायक ने ढाब में किया फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

## खेल से शारीरिक व मानशिक विकास होता, खेल जीवन का अहम हिस्सा : मनोज यादव

**अपेम लाईव : चंदवारा**



खिलाड़ियों के साथ पूर्व विधायक व अन्य

क्रांति क्लब ढाब द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय फुटबल प्रगियोगीता का हुवा रंगारंग शुभारंभ। बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किक मारकर प्रतियोगिता का किया शुभारंभ। खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर पूर्व विधायक ने आपसी भाईचारगी के साथ मैच खेलने को कहा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि खेल मानव जीवन का अहम हिस्सा है। खेल से शारिरिक व मानसिक विकास होता। इससे पूर्व स्कूली बच्चों ने अतिथियो को गाजे बाजे के साथ स्वागत कर खेल मैदान तक पहुंचाया जहां राष्ट्र गान के साथ मैच का शुभारंभ हुवा। आयोजको ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है। फाइनल मुकाबला आगामी 13 अक्टूबर को खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले में आकर्षण का केंद्र बालिकाओं का मैच होगा जो जमशेदपुर बनाम राँची के बीच खेला जाएगा। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव, युवा नेता कृष्णा यादव, राजेश यादव, बीरेंद्र यादव भोला रविदास सहित अन्य आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष सुदीप यादव, सचिव महेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष बिनोद यादव, उपाध्यक्ष मनीष यादव, संयोजक कुलदीप यादव, ढाब टीम कप्तान परसुराम राणा, उपकप्तान पिंटू यादव, आयोजक कपिल यादव, राजकुमार दास, दिलीप यादव, प्रभु यादव, नरेश यादव, आदि महती भूमिका रहे है।

# कोडरमा पुलिस को डंगरा पहाड़ इलाके से मिली विस्फोटकों का जखीरा

## एसपी को मिली गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



जप्त विस्फोटकों का जखीरा

कोडरमा थाना पुलिस गुरुवार को जब डंगरा पहाड़ इलाके में पहुंची तो विस्फोटकों का जखीरा देख भौंचक्क रह गई। पुलिस ने वहां से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जब कोडरमा थाना की पुलिस छापेमारी के लिए वहां पहुंची थी। पहाड़ी से 5 बोरा पावर जिलेटिन और 3 बोरा डेटोनेटर बरामद किया गया। सभी विस्फोटक को डेंगरा पहाड़ की तलहटी में दक्षिणी पूर्वी छोर पर पत्थरों के बीच छिपा कर रखा गया था। 5 बोरों में 805 पीस पावर जिलेटिन और 3 बोरों में 380 पीस डेटोनेटर रखा पाया गया था। पुलिस बरामद विस्फोटकों को जब्त कर थाने में ले आई है। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। संभावना जताई जा रही है की बरामद विस्फोटक को दूसरी जगह आपूर्ति के लिए छिपाकर पहाड़ की तलहटी में रखा गया था। कोडरमा थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर की अगुवाई में छापेमारी की गई। उल्लेखनीय है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आए दिन अवैध विस्फोटक बरामद होने के मामले सामने आते हैं। दरअसल, पत्थर खदान क्षेत्र होने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध विस्फोटकों का उपयोग खनन कार्य में होता है। जिले में करीब एक दर्जन एक्सप्लोसिव डीलर हैं, जिनके माध्यम से पूरे झारखंड में विस्फोटकों की आपूर्ति की जाती है।

# बेडोकला में बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन

## ग्राहकों को सुविधा उपलब्ध कराना लक्ष्य : शाखा प्रबंधक मनीष कुमार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन करते

बरकट्ठा प्रखंड के बेडोकला में बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन बरकट्ठा शाखा प्रबंधक मनीष कुमार मिश्रा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधी देवीलाल साव,उप शाखा प्रबंधक कुणाल किशोर, बैंक मित्र बरकट्ठा दिलीप कुमार नायक उपस्थित थे। केंद्र संचालक सुनील यादव ने शाखा प्रबंधक को बुके देकर सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह में शाखा प्रबंधक ने कहा कि बरकट्ठा से बेडोकला कि दुरी अठारह किलोमीटर लगभग है ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से लोगों समय का बचाव होगा। उन्होंने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र से एक खाताधारक एक दिन में अधिकतम बीस हजार रुपये तक निकासी और चालीस हजार रुपये तक जमा कर सकते हैं। मुखिया प्रतिनिधि देवीलाल साव ने शाखा प्रबंधक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बेडोकला में बैंक अ०फ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से लोग लाभन्वित होंगे। मौके पर प्रोफेसर अशोक राणा,धुपलाल राणा, धनश्याम साव,बसंत राणा, बिरेन्द्र यादव,अरुण पासवान, दिनेश यादव, शंकर यादव, छोटीलाल यादव, अनिल यादव,राजकुमार गुप्ता, दामोदर यादव, रंजीत वर्णवाल, अभिषेक दीप,मनोज गुप्ता, चंदन पाण्डेय, समेत आदि लोग उपस्थित थे।

# बरवां में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते अतिथि

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरवां अडवार मैदान में नवयुवक क्लब के द्वारा क्रिकेट टुर्नामेंट का आयोजन किया गया। मैच का उद्धघाटन जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, सलैया पंचायत मुखिया गोपाल प्रसाद ने संयुक्त रुप से फिता काटकर एंव बैटींग बोलिंग कर संयुक्त रुप से किया गया। शुरवाती मैच ग्राम बरवां बीच टोला बनाम गैयपहाडी टीम के बीच खेली गई। जिसमें गैयपहाडी की टीम बरवां बीच टोला को 6 विकेट से जीता। मैच में कुल 16 टीमें भाग लिया है। मौके पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी ने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी युवा भाई आपसी भाईचारगी के साथ मैच को खेलें और अपनी प्रतिभा को निखारें। मुखिया गोपाल प्रसाद ने भी उपस्थित खिलाडीयों को संबोधित करते हुए हौसला बढाते हुए कहा कि दुर्गा पूजा नवरात्री के सुअवसर पर नवयुवक क्लब बरवां के युवकों के द्वारा क्रिकट टुर्नामेंट का आयोजन कर गांवों में छिपी खेल प्रतिभा को निखारने का काम कर रहें हैं। जो बहुत ही सराहनीय काम है। मुखिया ने यह भी कहा कि युवा लोगों से कहा कि हम आपलोगों को मदद करते आ रहें और आगे भी मदद करते रहेगें। मौके पर बरवां नवयुवक क्लब आयोजक नितिश कुमार, मुन्ना दास, प्रकाश कुमार, राजेश कुमार, राहुल कुमार, रंजीत कुमार, ग्रामीण शंकर प्रसाद, जीबलाल दास, प्रकाश प्रसाद, बिनोद प्रसाद, रोहीत प्रसाद, राजेश प्रसाद , सहित अन्य लोग शामिल थे।

# विधायक ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन करते

बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के विधायक अमित कुमार यादव ने अपने क्षेत्र की बिजली से सम्बंधित जन समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्र के विभिन्न गाँव के ग्रामीणों को हजारीबाग बिजली विभाग के विद्युत विभाग के कार्यालय में एसी एवं सम्बंधित अधिकारीयों के साथ मीटिंग कर स्वयं टीआरडब्लूस जाकर ट्रांसफार्मर दिलवाये जिनमे तुर्कबाद में 100 केवीए ,बरकट्ठा में 100 केवीए के जगह 200 केवीए,गोरहर में 25 केवीए के स्थान पर 63 केवीए एवं बाराडीह में 25 केवीए के स्थान पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर विधायक ने एक साथ स्वयं साथ जाकर विभाग से उपलब्ध करवाए पवित्र त्योहार दुर्गा पूजा नवरात्रि की शुभारम्भ और ग्रामीणों का बिजली की समस्या का समाधान से ग्रामीणों में ख़ुशी है स वही ग्रामीणों ने विधायक अमित कुमार यादव के प्रति आभार व्यक्त किय

APEM LIVE

# आकाश ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में किया सफल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



आकाश कुमार

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मासीपीढ़ी का छात्र आकाश कुमार, पिता योगेश्वर चौधरी ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल होकर प्रखंड व अपने विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मासीपीढ़ी का नाम रोशन किया है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 5 सितंबर 2021 को हुआ था। आकाश कुमार के पिता योगेश्वर चौधरी यूएमएस मासीपीढ़ी में पारा शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। आकाश के सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बापी कर्मकार व शिक्षकों ने बधाई दी है ।आकाश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षक महेंद्र पंडित को दिया है ।इस संबंध में आकाश के पिता योगेश्वर चौधरी ने बताया कि आकाश की तैयारी घर से हुई तथा लगातार मेहनत के लिए मैं प्रेरित करता रहा जिसका सुखद परिणाम अब मिला है।

अपेम लाइव न्यूज में विज्ञापन के लिए
संपर्क करें :- सोनू पंडित
मो0 9550809864




